भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1242
जिसका उत्तर शुक्रवार, 9 फरवरी, 2024 को दिया जाना है

एससीओ बैठक

1242. श्री विवेक नारायण शेजवलकर :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कानून और न्याय मंत्रियों की 10वीं एससीओ बैठक के क्या परिणाम रहे ; और

(ख) एससीओ चार्टर के लिए प्रतिबद्धताओं के संबंध में सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; और
संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) : एससीओ सदस्य राज्यों के न्याय मंत्रियों की 10वीं बैठक विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के नेतृत्व में 05 सितंबर, 2023 को आयोजित हुई जिसका भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया था । बैठक के समापन पर सदस्य राज्यों द्वारा एक संयुक्त वक्तव्य अपनाया गया था ।

(ख) : भारत अपने चार्टर सहित एससीओ के सुधारों पर बातचीत में भाग ले रहा है । चूंकि, बातचीत आरंभिक अवस्था में है और सभी सदस्य राज्यों की सहमति के अधीन है, इस स्तर पर भारत द्वारा कोई दृढ़ प्रतिबद्धता नहीं की गई है। इसलिए, इसका प्रभाव इस समय उत्पन्न नहीं होता है।

****